N.11: आरआरकेट में राजभाषा गतिविधियों संबंधी रिपोर्ट – जुलाई से दिसंबर, 2017

आरआरकेट में माह अगस्त के दौरान दो हिन्दी वार्ताओं का आयोजन किया गया, जिनमें बॉम्बे हॉस्पिटल, इन्दौर के डॉ. किरणेश पाण्डेय ने ''डायबीटिज की ABC'' विषय एवं अरिहंत अस्पताल, इन्दौर के डॉ. हुसैन सफदरी ने ''ऑस्टीओऑर्थराइटिस के कारण एवं उपचार'' के बारे में वार्ताएं प्रस्तुत की। माह सितंबर में हिन्दी दिवस के उपलक्ष में दिनांक 14 सितंबर 2017 के अवसर पर गृहमंत्री, भारत सरकार एवं अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग एवं सचिव, भारत सरकार, प.ऊ.वि. से प्राप्त हिन्दी संदेश को पढ़ा गया। तत्पश्चात् काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 15 कवियों ने काव्य–पाठ किया।

सितंबर माह में ही निबंध प्रतियोगिता में 52 प्रतिभागियों, आशुभाषण प्रतियोगिता में 12 प्रतिभागियों एवं कहानी लेखन प्रतियोगिता में 39 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। दिनांक 22 सितंबर 2017 को राजभाषा विभाग के मध्य एवं पश्चिम क्षेत्र द्वारा इन्दौर में आयोजित एक दिवसीय राजभाषा तकनीकी संगोष्ठी में केन्द्र के डॉ. एम.पी. सिंह, वै.अ./जी, श्री राजीव जैन, वै.अ./जी, एवं उप निदेशक (राजभाषा) ने भाग लिया।

अक्टूबर माह में हिन्दी टंकण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 14 प्रतिभागी थे एवं माह नवंबर में हिन्दी टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 21 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

दिनांक 16 नवंबर को ''आयुर्वेद एवं जीवन प्रबंधन'' विषय पर डॉ. सुषमा खण्डेलवाल, विजिटिंग चिकित्सक, आरआरकेट, चिकित्सा केन्द्र द्वारा वार्ता प्रस्तुत की गई। माह जुलाई से दिसंबर–छमाही में 40 कार्मिकों को हिन्दी प्रोत्साहन योजना के तहत नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। हिन्दी टंकण में 04 कार्मिकों को भी पुरस्कृत किया गया।

आयुर्वेद द्वारा स्वास्थ्य प्रबंधन पर डॉ. सुषमा खण्डेलवाल का व्याख्यान।

डॉ. सुषमा खण्डेलवाल को स्मृति चिह्न प्रदान करते श्री ओ.टी. अलेक्स, मु.प्र.अ. एवं श्री राजीव खरे, वै.अ./एच।

हिन्दी प्रतियोगिताओं में भाग लेते केन्द्र के कार्मिक।

प्रस्तुति :
मनोज कुमार शर्मा
(manojsharma@rrcat.gov.in)